प्रेषक,

निरंजन कुमार
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट–3
गौतमबुद्ध नगर।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान, जनपद न्यायाधीश
गौतमबुद्धनगर।

पत्रांकः–          /2020                                        दिनांकः–

विषयः–माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या–16/VI-/एच–16/एडमिन(ए) दिनांकित 13.05.2004 के अनुपालन में चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण प्रेषण के संबंध में।

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा वर्ष 2016–17 तक का चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष दिनांक 17.02.2018 को जनपद श्रावस्ती से प्रेषित किया जा चुका है।

उपरोक्त विषयांकित परिपत्र दिनांकित 13.05.2004 के अनुपालन में दिनांक 01.04.2017 से 31.03.2020 (2017–18, 2018–19 एवं 2019–20) तक का विवरण निर्धारित प्रारूप पर जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर के पत्रांक–1585/XV/09.07.2020 के द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष अवलोकनार्थ प्रेषित किया गया था। उक्त विवरण त्रुटिपूर्ण होने एवं नियमानुसार ना होने के कारण माननीय न्यायालय से आपत्ति के साथ प्रार्थी को निर्देशित किया गया है, कि **वर्ष 2016–17** एवं **वर्ष 2017–18** का सम्पत्ति(चल एवं अचल) विवरण निर्धारित कॉलम में भरकर पुनः प्रेषित किया जाए। चूंकि **वर्ष 2018–19** एवं **वर्ष 2019–20** का सम्पत्ति विवरण भी देय हो गया है। ऐसी दशा में **वर्ष 2016–17** एवं **वर्ष 2017–18** के सम्पत्ति विवरण के साथ ही **वर्ष 2018–19** एवं **वर्ष 2019–20** का भी चल एवं अचल सम्पत्ति विवरण नियत प्रारूप पर निर्धारित कॉलम में भरकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया जा रहा है।

अतः माननीय महोदय से सविनय निवेदन है कि सम्पत्ति विवरण–पत्र **वर्ष 2016–17, 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20** को ग्रहण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें। महोदय की अतिकृपा होगी।

भवदीय

दिनॉकः–09.10.2020

संलग्नकः–
सम्पत्ति विवरण–पत्र
(यथोक्त)

(निरंजन कुमार)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट–3
गौतमबुद्ध नगर।
I.D. No. -UP 6382